CMYK

Website : www.highwaychannel.in

छत्तीसगढ़ का सर्वाधिक प्रसारित शाम का अखबार

# हाईवे चैनल

▫ वर्ष- 29 ▫ अंक- 166 ▫ रायपुर, गुरुवार 9 जुलाई 2026 ▫ पृष्ठ-8 ▫ मूल्य- 2.50 रुपया • रायपुर • जगदलपुर से प्रकाशित RNI रजिस्ट्रेशन नं. 68139/98

## ब्रेकिंग न्यूज

### वायनाड में भूस्खलनः मृतकों की संख्या बढ़कर पांच हुई, 3 लापता



**नई दिल्ली, 9 जुलाई (न्यूज चैनल)।** केरल के मंत्री एपी अनिल कुमार और टी सिद्दीकी ने बताया कि वायनाड भूस्खलन में मरने वालों की संख्या दो से बढ़कर पांच हो गई है। मंत्रियों ने यहां पत्रकारों को बताया कि एक शव सुबह तलाशी क्षेत्र के जोन 1 से बरामद किया गया। वहीं, दूसरा शव नदी के अंदर से मिला। वहीं, पूर्व मुख्यमंत्री और विपक्ष के नेता पिनाराई विजयन वायनाड में भूस्खलन वाली जगह पर पहुंचे। अनिल कुमार ने कहा, इलाके के जोन 1 और 2 में तलाशी अभियान चलाया जाएगा। नदी के आसपास के इलाकों में भी तलाशी अभियान पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। सिद्दीकी ने कहा कि शवों का पोस्टमार्टम वायथिरी तालुक अस्पताल में किया जाएगा। उन्हें कोझिकोड सरकारी मेडिकल कॉलेज अस्पताल में संरक्षित किया जाएगा।

### आईसी मार्ट प्रबंधन की प्रताड़ना से तंग आकर नाबालिग छात्रा ने लगाई फांसी, पुलिस ने मार्ट को किया सील

**बैकुंठपुर, 9 जुलाई (हाईवे चैनल)।** बैकुंठपुर स्थित आईसी मार्ट प्रबंधन की प्रताड़ना से तंग आकर 17 वर्षीय छात्रा ने अपने निवास में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली. मामले की जांच में जुटी पुलिस ने जांच के लिए साक्ष्यों से कोई छेड़छाड़ न हो इसके लिए आईसी मार्ट को सील कर दिया है। पुलिस लाइन निवासी प्रधान आरक्षक शिवनाथ सिंह पैकरा की 17 वर्षीय पुत्री रितु सिंह ने बुधवार दोपहर आवास में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। जांच में सामने आया कि आईसी मार्ट प्रबंधन ने चोरी के आरोप पर रितु से कागज पर लिखवाया था कि मैने मार्ट से कॉस्मेटिक सामान की चोरी की है। इसके बाद प्रबंधन ने चोरी के एवज में रुपए की मांग की। बताया जाता है कि पहले लड़की से 15 हजार रुपए की मांग की गई, जब उसके चाचा मार्ट में पहुंचे तो प्रबंधन ने 20 हजार रुपए की मांग कर दी. अंत में जब लड़की के पिता मार्ट पहुंचे तो उनसे प्रबंधन ने 50 हजार रुपए की मांग की. आखिर में मार्ट प्रबंधन ने छात्रा की स्कूटी ही छिन ली।

### टीएमसी ने पार्टी फंड से खरीदे लग्जरी जेट अगस्ता हेलिकॉप्टर, ईडी की जांच में खुलासा

**नई दिल्ली, 9 जुलाई (न्यूज चैनल)।** क्या तृणमूल कांग्रेस ने एक लग्जरी जेट और एक हेलीकॉप्टर खरीदने के लिए पैसे दिए और फिर उसी विमान को खुद ही किराए पर ले लिया? यह अजीबोगरीब सवाल इस समय प्रवर्तन निदेशालय की उस मनी लॉन्ड्रिंग जांच के केंद्र में है, जो ममता बनर्जी के नेतृत्व वाली पार्टी के बैंक खातों को लेकर चल रही है। पार्टी की मुश्किलें बढ़ाते हुए ईडी ने टीएमसी के तीन बैंक खातों को भी फ्रीज कर दिया है, जिनमें 440 करोड़ जमा हैं।

### बिरादरी की बातें



**चूहा- सुनती हो, ममता बेनर्जी ने कल अपने ही कार्यकर्ता को थप्पड़ मार दी।**

**चुहिया- हां जी, सत्ता खोने का बड़ा झटका लगा है इसलिए अभी दिमाग काम नहीं कर रहा है।**

# ऑस्ट्रेलिया में प्रधानमंत्री मोदी

# आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में दोनों देश एकजुट

**नई दिल्ली, 9 जुलाई (न्यूज चैनल)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ऑस्ट्रेलियाई समकक्ष एंथनी अल्बानीज के साथ प्रतिनिधिमंडल स्तर की बातचीत की। मेलबर्न में आयोजित इस वार्ता के बाद उन्होंने आतंकवाद, द्विपक्षीय व्यापार, खेल के क्षेत्र में सहयोग जैसे मुद्दों पर भी बात की। पीएम मोदी के साथ वार्ता के समय राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार (एनएसए) अजीत डोभाल, विदेश सचिव विक्रम मिस्री समेत कई और भी वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे। पीएम मोदी ने ऑस्ट्रेलियाई समकक्ष को भारत आने का न्योता भी दिया। पीएम मोदी ने आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में एकजुट प्रयास, वैश्विक तनाव और जंग के हालात में नीतियों के अलावा खेल की दुनिया में सहयोग बढ़ाने कहा।

इससे पहले पीएम मोदी ने इंडिया-ऑस्ट्रेलिया सीईओ फोरम को संबोधित किया। इस कार्यक्रम में भारत और ऑस्ट्रेलिया के प्रमुख सीईओ, बिजनेस लीडर्स, ऑस्ट्रेलिया के प्रमुख निवेशक और अग्रणी विश्वविद्यालयों को कुलपति शामिल हुए। इस दौरान ऑस्ट्रेलिया के सबसे बड़े पेंशन फंड ऑस्ट्रेलियनसुपर ने गुरुवार को घोषणा की कि वे भारत के राष्ट्रीय निवेश और अवसंरचना कोष में 50 करोड़ ऑस्ट्रेलियाई डॉलर का निवेश करेंगे। पीएम मोदी ने ऑस्ट्रेलियनसुपर की इस घोषणा का स्वागत किया। यह निवेश सात साल पहले एलान किए गए 24 करोड़ ऑस्ट्रेलियाई डॉलर निवेश से अलग होगा।



### ऑस्ट्रेलिया से भारत को यूरेनियम की व्यावसायिक आपूर्ति का रास्ता और आसान होगा

*सिविल न्यूक्लियर एनर्जी पर हुए समझौते के तहत ऑस्ट्रेलिया से भारत को यूरेनियम की व्यावसायिक आपूर्ति का रास्ता और आसान होगा। इससे भारत की परमाणु ऊर्जा परियोजनाओं को गति मिलेगी और स्वच्छ ऊर्जा उत्पादन को बढ़ावा मिलेगा। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा, आज हमने न्यूक्लियर एनर्जी के क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं। इससे ऑस्ट्रेलिया से भारत को यूरेनियम की आपूर्ति का रास्ता खुलेगा और हमारे स्वच्छ ऊर्जा लक्ष्यों को नई गति मिलेगी।*

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ऑस्ट्रेलिया के प्रधानमंत्री अल्बानीस के साथ बातचीत के बाद कहा कि भारत और ऑस्ट्रेलिया व्यापक आर्थिक सहयोग समझौते पर तेजी से काम करेंगे। दोनों देश द्विपक्षीय निवेश संधि की दिशा में भी तेजी से आगे बढ़ेंगे। प्रधानमंत्री मोदी ने बताया कि भारत और ऑस्ट्रेलिया ने परमाणु ऊर्जा पर एक महत्वपूर्ण समझौता किया है। यह समझौता ऑस्ट्रेलिया से भारत को यूरेनियम की आपूर्ति को आसान बनाएगा। दोनों देश एक महत्वपूर्ण खनिज गलियारे पर भी काम करेंगे। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि पूरे हिंद-प्रशांत क्षेत्र में भारत और ऑस्ट्रेलिया शांति, स्थिरता और नौवहन की स्वतंत्रता को मजबूत करने के लिए मिलकर काम करेंगे। उन्होंने आतंकवाद के खिलाफ साझा लड़ाई और सहयोग को लगातार मजबूत करने पर जोर दिया। भारत और ऑस्ट्रेलिया ने रक्षा और सुरक्षा सहयोग बढ़ाने के लिए एक संयुक्त घोषणा जारी की। दोनों देश भारत-ऑस्ट्रेलिया रक्षा नवाचार गलियारे के माध्यम से भारतीय और ऑस्ट्रेलियाई रक्षा उद्योगों के बीच सहयोग की दिशा में काम करेंगे। ऑस्ट्रेलिया के प्रधानमंत्री अल्बानीस ने कहा कि उनकी रणनीतिक साझेदारी के छह साल बाद, भारत के साथ ऑस्ट्रेलिया के संबंध आज से अधिक महत्वपूर्ण कभी नहीं रहे। उन्होंने मोदी के साथ बातचीत के बाद कहा कि दोनों देश भारत-ऑस्ट्रेलिया संबंधों में विविधता लाने पर ध्यान केंद्रित कर रहे हैं ताकि वे लगातार मजबूत होते रहें। भारत और ऑस्ट्रेलिया ने संयुक्त समुद्री सुरक्षा सहयोग रोडमैप का समर्थन किया और साइबर तथा महत्वपूर्ण तकनीक पर नई साझेदारी पर सहमति व्यक्त की।

# जीपीएम कलेक्टर संतोष देवांगन हटाए गए

## विजय दयाराम को मिली जिम्मेदारी 5 आईएएस अधिकारियों के प्रभार बदले




**रायपुर, 9 जुलाई (हाईवे चैनल)।** छत्तीसगढ़ सरकार ने गुरुवार को एक बड़ा प्रशासनिक फेरबदल किया है। इस फेरबदल में सबसे बड़ी गाज गौरेला-पेंड्रा-मरवाही के कलेक्टर संतोष कुमार देवांगन पर गिरी है, जिन्हें महज दो महीने पहले ही जिले की कमान सौंपी गई थी। सरकार ने उन्हें कलेक्टर पद से हटाते हुए मंत्रालय में स्कूल शिक्षा विभाग में विशेष सचिव के पद पर तैनाती दी है। उनकी जगह अब तकनीकी शिक्षा विभाग के संचालक विजय दयाराम के. को जिले का नया कलेक्टर नियुक्त किया गया है।

महानदी भवन से जारी सामान्य प्रशासन विभाग के इस आदेश में कुल 5 आईएएस अधिकारियों के प्रभार में तब्दीली की गई है। हेमंत रमेश नंदनवार (आईएएस 2020) को महासमुंद जिला पंचायत के सीईओ पद से हटाकर अब संचालक, तकनीकी शिक्षा, रोजगार एवं प्रशिक्षण की जिम्मेदारी दी गई है। साथ ही इन्हें छत्तीसगढ़ राज्य कौशल विकास प्राधिकरण के प्रबंध संचालक (एमडी) का अतिरिक्त प्रभार भी सौंपा गया है। सुमित अग्रवाल (आईएएस 2021) दुर्ग नगर निगम के कमिश्नर को अब मुख्य कार्यपालन अधिकारी, छत्तीसगढ़ राज्य शहरी विकास अभिकरण (एसयूडीए) बनाया गया है। वे इस पद से रिमिजियस एक्का (आईएएस 2011) को अतिरिक्त प्रभार से मुक्त करेंगे। अनुपमा आनंद (आईएएस 2023) सरायपाली (महासमुंद) की एसडीएम को प्रमोट करते हुए मुख्य कार्यपालन अधिकारी (सीईओ), जिला पंचायत, महासमुंद के पद पर पदस्थ किया गया है।

### अचानक आपा खो बैठीं ममता बनर्जी, सरेराह अपनी ही पार्टी के कार्यकर्ता को जड़ा थप्पड़

**नई दिल्ली, 9 जुलाई (न्यूज चैनल)।** पश्चिम बंगाल के बारुईपुर में एक नाबालिग लड़की से कथित सामूहिक दुष्कर्म और हत्या के विरोध में तृणमूल कांग्रेस की छात्र-युवा इकाई की बुधवार को रैली के दौरान जबरदस्त हंगामा और राजनीतिक हिंसा भड़क उठी। रैली पर भाजपा समर्थकों के कथित हमले और दो पक्षों के बीच हुई हिंसक झड़प के बाद स्थिति इतनी तनावपूर्ण हो गयी कि तृणमूल कांग्रेस नेता एवं पूर्व मुख्यमंत्री ममता बनर्जी को खुद अपने कालीघाट स्थित आवास से बाहर आना पड़ा। इस दौरान भारी भीड़ और अफरा-तफरी को नियंत्रित करने की कोशिश में सुश्री बनर्जी अपना आपा खो बैठीं और उन्होंने अपनी ही पार्टी के एक कार्यकर्ता को थप्पड़ जड़ दिया तथा कई अन्य कार्यकर्ताओं को फटकार लगाते हुए पीछे हटाया।



प्राप्त जानकारी के अनुसार कलकत्ता उच्च न्यायालय से बाकायदा अनुमति मिलने के बाद तृणमूल कांग्रेस के छात्र और युवा कार्यकर्ताओं ने बालीगंज से इस शांतिपूर्ण विरोध मार्च की शुरुआत की थी। यह मार्च जैसे ही कालीघाट क्षेत्र के पास पहुंचा, सड़क किनारे मौजूद उपद्रवियों और विरोधियों की ओर सें' चोर-चोर%के नारे लगाये जाने लगे तथा तृणमूल कांग्रेस विरोधी गाने बजाये जाने लगे। ममता ने बारुईपुर में 11 साल की बच्ची के कथित रेप और हत्या के मामले में आयोजित विरोध मार्च में बाधा डालने के लिए बीजेपी और पुलिस पर आरोप लगाया।

# बस्तर के रिहायशी इलाके में बाघ की धमक, वन विभाग का अलर्ट

**बस्तर, 9 जुलाई (हाईवे चैनल)।** दरभा क्षेत्र के कुरंदी गांव में करीब 1 दशक बाद बाघ ने दस्तक दी है। गांव के खेतों और जंगल के किनारे बड़े आकार के ताजा पगमार्क मिलने के बाद वन विभाग ने पूरे इलाके में अलर्ट जारी कर दिया है। कुछ दिन पहले केकरा-चेरबेहार क्षेत्र में भी बाघ का मूवमेंट होने की जानकारी सामने आई थी। वन विभाग की ट्रैकिंग टीमें जंगल में लगातार सर्चिंग कर रही हैं, जबकि ट्रैप कैमरा और वैज्ञानिक जांच के जरिए यह पता लगाने की कोशिश की जा रही है



कि निशान बाघ के हैं या किसी अन्य बड़े वन्यजीव के। ग्रामीणों के मुताबिक खेतों से सटे जंगल में बड़े आकार के ताजा पंजों के निशान दिखाई दिए हैं। निशान इतने स्पष्ट हैं कि लोगों ने इसे बड़े बाघ की मौजूदगी का संकेत माना है। इसके बाद से ग्रामीणों ने शाम ढलने के बाद जंगल और खेतों की ओर जाना कम कर दिया है। मवेशियों को खुले में छोड़ने के बजाय सुरक्षित बाड़ों में बांधा जा रहा है। कुरंदी वही क्षेत्र है जहां करीब 10 साल पहले भी बाघ की मौजूदगी दर्ज की गई थी।

### 1.1 ग्राम हेरोइन (चिट्टा) के साथ दो तस्कर गिरफ्तार

**धमतरी, 9 जुलाई (हाईवे चैनल)।** कुरूद पुलिस को विश्वसनीय मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि ग्राम छाती स्थित एचएच-30 हाईस्कूल के पास दो व्यक्ति अवैध मादक पदार्थ हेरोइन (चिट्टा) बिक्री के उद्देश्य से लेकर आने वाले हैं। सूचना को गंभीरता से लेते हुए थाना कुरूद पुलिस ने तत्काल टीम गठित कर बताए गए स्थान पर घेराबंदी की ।पुलिस टीम द्वारा मौके पर दो संदिग्ध व्यक्तियों को रोककर वैधानिक प्रक्रिया के तहत तलाशी लेने पर उनके कब्जे से 1.1 ग्राम हेरोइन (चिट्टा) बरामद किया गया, जिसकी अनुमानित कीमत 6,000 रूपये है। इसके अतिरिक्त आरोपियों के कब्जे से 02 मोबाइल फोन (कीमत 10,000 रूपये) एवं 01 मोटरसाइकिल (कीमत 20,000 रूपये) भी जप्त की गई। जब्त मशरूका की कुल अनुमानित कीमत 36,000 रूपये है। पूछताछ एवं प्रारंभिक विवेचना के आधार पर आरोपियों के विरुद्ध थाना कुरूद में अपराध क्रमांक 205/2026, धारा 21(ए), 29 एनडीपीएस एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विधिवत गिरफ्तार किया गया तथा न्यायालय में प्रस्तुत कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेजा गया।गिरफ्तार आरोपियो मे वाहिद खान, पिता इस्माईल खान, 27 वर्ष, निवासी संजय नगर, कुरूद, जिला धमतर,केशवराम ध्रुव, पिता नम्मू ध्रुव, 26 वर्ष, निवासी संजय नगर, कुरूद, जिला धमतरी शामिल है।



## पत्नी के साथ प्रेमी को आपत्तिजनक हालत में देख पति ने टंगिया से प्रेमी को उतारा मौत के घाट

**धमतरी 9 जुलाई (हाईवे चैनल)।** प्रेम प्रसंग के चलते हत्या की वारदात हुई है। मामला जिले के केरेगांव थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम बाजार कुर्रीडीह में पत्नी के साथ उसके कथित प्रेमी को आपत्तिजनक स्थिति में देखने के बाद गुस्साए पति ने टंगिया से ताबड़तोड़ हमला कर युवक की हत्या कर दी। घटना के बाद पूरे क्षेत्र में सनसनी फैल गई। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी।

पुलिस के अनुसार मृतक की पहचान शंकर सूर्यवंशी, निवासी मंदसौर (मध्य प्रदेश) के रूप में हुई है। प्रारंभिक जानकारी के मुताबिक करीब एक वर्ष पहले शंकर की पहचान मोबाइल फोन के माध्यम से बाजार कुर्रीडीह की एक महिला से हुई थी। समय के साथ दोनों के बीच



**मध्य प्रदेश से धमतरी मिलने आया था युवक, केरेगांव थाना क्षेत्र के बाजार कुर्रीडीह गांव की घटना**

बातचीत बढ़ी और कथित तौर पर दोनों के बीच प्रेम संबंध बन गए। बताया जा रहा है कि बुधवार को शंकर अपनी महिला मित्र से मिलने मंदसौर से धमतरी पहुंचा था। रात के समय वह महिला के घर पर ही मौजूद था। इसी दौरान महिला का पति घर पहुंच गया और दोनों को कथित रूप से आपत्तिजनक स्थिति में देख लिया। इससे आक्रोशित होकर उसने घर में रखे टंगिया से शंकर पर कई वार कर दिए। गंभीर चोट लगने से शंकर की मौके पर ही मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही केरेगांव थाना पुलिस तत्काल घटनास्थल पहुंची। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। वहीं आरोपी पति के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज कर उसे हिरासत में लेकर आगे की वैधानिक कार्रवाई की जा रही है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि मामले के सभी पहलुओं की गंभीरता से जांच की जा रही है।

### छत्तीसगढ़ में नगरीय निकाय चुनाव की तैयारियां तेज

# 15 निकायों और दो नई नगर पंचायतों में होगा मतदान

## निर्वाचन आयुक्त ने सभी प्रक्रियाएं पूर्ण करने के दिए निर्देश

**रायपुर, 9 जुलाई (हाईवे चैनल)।** छत्तीसगढ़ राज्य निर्वाचन आयोग, नवा रायपुर में आज राज्य निर्वाचन आयुक्त अजय सिंह की अध्यक्षता में आगामी दिसंबर 2026 में प्रस्तावित नगरीय निकायों के आम और उप चुनाव की तैयारियों की समीक्षा के लिए नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग की सचिव स्तरीय बैठक आयोजित की गई। बैठक में प्रदेश की 15 नगरीय निकायों (जिनमें 4 नगरपालिक निगम, 5 नगरपालिका परिषद और 6 नगर पंचायत शामिल हैं, जिनका कार्यकाल दिसंबर 2026 में समाप्त हो रहा है) के साथ ही दो नवगठित नगर पंचायतों के आम निर्वाचन की तैयारियों एवं शासन स्तर पर की जा रही आवश्यक कार्यवाहियों की विस्तृत समीक्षा की गई।




समीक्षा के दौरान बताया गया कि जिन नगरीय निकायों में निर्वाचन प्रस्तावित हैं, उनमें नगर निगम बीरगांव, भिलाई, भिलाई-चरौदा एवं रिसाली, नगरपालिका परिषद जामुल, सारंगढ़, बैकुंठपुर, शिवपुर-चरचा एवं खैरागढ़ तथा नगर पंचायत प्रेमनगर, मारो, कोंटा, नरहरपुर, भैरमगढ़ एवं भोपालपट्टनम शामिल हैं। इसके साथ ही नवगठित नगर पंचायत तमनार और बड़ी करेली में भी आम निर्वाचन कराया जाएगा। बैठक में नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग की सचिव आर. संगीता ने नगरीय निकायों के परिसीमन और आरक्षण की प्रगति से अवगत कराया। उन्होंने बताया कि 15 नगरीय निकायों में महापौर और अध्यक्ष पदों का आरक्षण पूर्ण किया जा चुका है तथा वार्ड पार्षदों के आरक्षण की प्रक्रिया जारी है। वहीं नवगठित नगर पंचायत तमनार में वार्ड आरक्षण तथा बड़ी करेली में वार्ड परिसीमन और आरक्षण की कार्रवाई प्रगति पर है। विभाग द्वारा दो वार्ड पार्षद पदों पर हुई आकस्मिक रिक्तियों की जानकारी भी बैठक में प्रस्तुत की गई। बैठक में राज्य निर्वाचन आयोग की सचिव शिखा राजपूत, नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग के संचालक सहित विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे। बैठक में राज्य निर्वाचन आयुक्त अजय सिंह ने अधिकारियों को निर्वाचन संबंधी सभी आवश्यक शासकीय प्रक्रियाएं निर्धारित समय-सीमा में पूर्ण करने के निर्देश दिए, ताकि राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा आगामी आम एवं उप निर्वाचन का संचालन समयबद्ध, निष्पक्ष एवं सुचारू रूप से सुनिश्चित किया जा सके।

### पुलिस कस्टडी से आरोपी महिला फरारः तीन आरक्षक सस्पेंड

**बालोद, 9 जुलाई (हाईवे चैनल)।** छत्तीसगढ़ के बालोद जिले से एक बड़ी खबर सामने आ रही है, जहां चोरी के आरोप में गिरफ्तार कर लाई गई महिला कोतवाली थाने से फरार हो गई। इससे पुलिस महकमे में हड़कम मच गया है। एसपी ने ड्यूटी में लापरवाही बरतने पर तीन आरक्षकों को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। निलंबित आरक्षकों में शिव कुमार ध्रुव, पुर्णिमा ठाकुर और उमेश निषाद के नाम शामिल हैं।

एडिशनल एसपी मोनिका ठाकुर ने बताया कि चोरी की आरोपी महिला रेखा सोरी को पुलिस ने पूछताछ के लिए हिरासत में लिया था। कुछ दिन पहले आरोपी महिला पुलिस को चकमा देकर कोतवाली थाने से फरार हो गई। उस समय ड्यूटी में तैनात तीन आरक्षकों को निलंबित कर दिया गया।

## नशे में टल्ली मिले हेडमास्टर स्कूल के बाहर जमीन पर लेटकर की गाली-गलौज

**सूरजपुर, 9 जुलाई (हाईवे चैनल)।** छत्तीसगढ़ के सूरजपुर जिले से शिक्षा के मंदिर को शर्मसार करने वाला एक मामला सामने आया है, जहां एक प्राथमिक स्कूल के हेडमास्टर नशे में धुत होकर स्कूल पहुंचे। उनका वीडियो अब सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है।

जानकारी के अनुसार, यह पूरा मामला रामानुजनगर ब्लॉक के अंतर्गत आने वाले ग्राम शाल्ही के खोरखोरीपारा प्राथमिक स्कूल का है। यहां पदस्थ हेडमास्टर हरिनंदन सिंह स्कूल के समय में शराब के नशे में इतने धुत थे कि वे खुद को संभाल भी नहीं पा रहे थे। वायरल वीडियो में साफ देखा जा सकता है कि हेडमास्टर नशे की हालत में जमीन पर लेटे हुए हैं और लगातार गाली-गलौज कर रहे हैं। फिलहाल अब देखना होगा कि विभाग इस पर क्या एक्शन लेता है।



CMYK